Bharat Temples

लेते रहेंगे तेरा नाम ओ बाबा,
मरते दम तक,
मरते दम नहीं, अगले जनम तक,
अगले जनम नहीं, सात जनम तक,
सात जनम नहीं, जनम जनम तक,
लेते रहेंगे तेरा नाम ओं बाबा,
मरते दम तक।।

तर्ज छोड़ेंगे ना हम तेरा साथ।

मन में थी साईं मूरत तेरी,
मैंने ना पहचानी,
भटक रहा हूँ भवसागर में,
मैं मूरख अज्ञानी,
ज्ञान जगा दो भान करा दो,
ज्ञान जगा दो भान करा दो,
नैया मेरी पार लगा दो,
लेते रहेंगे तेरा नाम ओं बाबा,
मरते दम तक।।

सच्चिदानंदा आनंदकंदा,
तुम सतगुरु योगेश्वर,
आत्मअनुरागी हे परमात्मा,
परमपिता परमेश्वर,
तुमको दिया जो तुमसे लिया है,

तुमको दिया जो तुमसे लिया है,
जो भी किया है तेरे बल पे किया है,
लेते रहेंगे तेरा नाम ओं बाबा,
मरते दम तक।।

हे जगपालक हे संचालक,
तुम शिरडी के स्वामी,
भाव समर्पित करने आया,
चरणों में अंतर्यामी,
हे जगनायक हे सुखदायक,
हे जगनायक हे सुखदायक,
तुम ही बाबा मुक्तिदायक,
लेते रहेंगे तेरा नाम ओं बाबा,
मरते दम तक।।

लेते रहेंगे तेरा नाम ओ बाबा,
मरते दम तक,
मरते दम नहीं, अगले जनम तक,
अगले जनम नहीं, सात जनम तक,
सात जनम नहीं, जनम जनम तक,
लेते रहेंगे तेरा नाम ओं बाबा,
मरते दम तक।।

Singer : Rakesh Kala

Source:
https://www.bharattemples.com/lete-rahenge-tera-naam-o-baba-marte-dam-tak/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw